# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 276/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक-03.08.2025

*हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़* के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में दिनांक- 03.08.2025 को *थाना रौनापार पुलिस द्वारा दिनांक 31.07.2025 को थाना क्षेत्रान्तर्गत शराब की दुकान में हुए चोरी के प्रयास से संबंधित 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/ गिरफ्तार किया गया व 01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा 01 मो0सा0 बरामद किया गया।*

## *थाना-रौनापार*

## *दिनांक 31.07.2025 को थाना रौनापार क्षेत्रान्तर्गत शराब की दुकान में हुए चोरी के प्रयास से संबंधित 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/ गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में।*

### *अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा 01 मो0सा0 बरामद किया गया।*

### *पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-*

दिनांक 01.08.2025 को वादी ***राजकुमार गोंड़ पुत्र रमेश गोंड, ग्राम अजगरा मशर्फी(नैनीजोर),थाना रौनापार, जनपद आजमगढ़*** द्वारा थाना स्थानीय पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि मेरी सरकारी देशी शराब की दुकान जो ***ग्राम महुला*** थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ में हैं, जिसमें दिनांक 31.07.2025 को समय करीब 22.05 बजे 06 अज्ञात चोरों द्वारा मेरे गोदाम में चोरी करने का प्रयास किया गया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी है तथा उनके पास असलहा भी था। लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 290/25 धारा 305,62 बीएनएस बनाम 06 नफर अभियुक्तों नाम, पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

### *गिरफ्तारी का विवरण:-*

श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री हेमराज मीना द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान अपराध नियंत्रण व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल पर्वेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोदय सगड़ी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मन्तोष सिंह मय हमराहियान मय सरकारी वाहन के वांछित अपराधी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन करते हुए काखभार बाजार में मौजूद था कि प्रभारी चौकी महुला उ0नि0 विवेक सिंह मय हमराह के साथ मिले, जिनसे अपराध व अपराधियो के बारे मे वार्ता कर रहे थे,कि मुखबिर खास ने आकर बताया कि महुला देशी शराब के गोदाम में चोरी करने का प्रयास करने वाले कुछ व्यक्ति ***लाटघाट महुला मुख्य हाईवे मार्ग पर पाण्डेय का पुरा पुल से लगभग 100 मीटर पश्चिम नहर के किनारे*** बैठ कर फिर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक मे है। मुखबिर की सूचना पर हम सभी पुलिस वालों द्वारा सिखलाये गये तरीके से अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु तीन तरफ से घेरने का प्रयास किया गया परन्तु अभियुक्तगण में से 01 अभियुक्त ने हम पुलिस वालों पर जान मारने की नियत से फायर कर दिया कि पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में आत्मरक्षार्थ नियंत्रित फायरिंग की गयी। जिसमें एक अभियुक्त **शिवम यादव पुत्र लालधर यादव, निवासी महुला डाड़ी, थाना रौनापार, जनपद आजमगढ़** के ***दाहिने पैर में गोली*** लगी है जबकि ***04 अन्य अभियुक्त*** अन्धेरे व भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे तथा **एक बाल अपचारी** को ***समय करीब 21.45 बजे*** मौके से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। घायल अभियुक्त शिवम यादव उपरोक्त को इलाज हेतु सीएचसी अजमतगढ़ भेजा गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 अदद

मो0सा0 बिना नम्बर प्लेट की जिसका चेचिस नम्बर- MD625CK24M3C03967 टीवीएस स्पोर्ट , रंगसफेद बरामद किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

➡घायल *अभियुक्त की पहचान शिवम यादव पुत्र लालधर यादव निवासी मुहुला डाड़ी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़ * के रूप में की गयी।

➡ *शिवम यादव पुत्र लालधर यादव निवासी मुहुला डाड़ी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़* उपरोक्त के कब्जे से *01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा 01 मो0सा0* बरामद किया गया है।

➡गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रौनापार *पर मु0अ0सं0- 292/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग* पंजीकृत किया गया ।

## *पंजीकृत अभियोग का विवरण-*

01. मु0अ0सं0- 292/25 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25आर्म्स एक्ट थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

## *गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-*

**01. *शिवम यादव पुत्र लालधर यादव निवासी मुहुला डाड़ी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़(दांये पैर में गोली लगी है)***

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना |
|---|---|---|---|
| 1. | 241/22 | 3/25 आयुध अधिनियम | रौनापार / आजमगढ |
| 2. | 239/22 | 354*b/504/506* भादवि | रौनापार / आजमगढ |
| 3. | *407/23* | *364A* भादवि | निजामबाद/आजमगढ़ |
| 4. | 410/23 | 307/34 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट | निजामबाद/आजमगढ़ |
| 5. | 126/24 | 9/25 आर्म्स एक्ट | रौनापार / आजमगढ |
| 6. | 150/24 | 3(1)/2(*b*)*(1)*गैंगेस्टर एक्ट | निजामबाद/आजमगढ़ |
| 7. | 318/24 | 3(1)/2(*b*)*(1)*गैंगेस्टर एक्ट | निजामबाद/आजमगढ़ |
| 8. | 101/25 | 3/25 आर्म्स एक्ट | रौनापार / आजमगढ |
| 9. | 290/25 | 305/62 *BNS* | रौनापार / आजमगढ |
| 10. | *292/25* | *109BNS* व 3/25 आर्म्स एक्ट | रौनापार / आजमगढ |

**02. *एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में।***

## *बरामदगी का विवरण:-*

01. एक अदद देशी तमंचा .315 बोर
02. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर
03. एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर
04. एक मोटर साइकिल

## *गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाले टीम का विवरण:-*

1. थानाध्यक्ष मन्तोष सिंह थाना रौनापार आजमगढ़।
2. उ0नि0 विवेक सिंह प्र0चौकी मुहुला थाना रौनापार आजमगढ़।
3. हे0का0 दिनेश कुमार यादव थाना रौनापार आजमगढ़।
4. का0 सुनील कुमार रौनापार आजमगढ़।
5. का0 उमेश सिंह थाना रौनापार आजमगढ़।
6. का0 सुमित कुमार यादव थाना रौनापार आजमगढ़।
7. का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना रौनापार आजमगढ़।
8. का0 दिलीप कुमार थाना रौनापार आजमगढ़।
9. का0 दीपक कुमार सिंह थाना रौनापार आजमगढ़।

उत्तर प्रदेश पुलिस